भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3759

दिनांक 25.03.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

पासपोर्ट प्राप्त करने में विलंब

3759 . डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मलप्पुरम पासपोर्ट सेवा केंद्र में अन्य पासपोर्ट केंद्रों की तुलना में आवेदकों के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने में किसी प्रकार के विलंब को नोटिस किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या मलप्पुरम में अन्य केंद्रों की तुलना में तत्काल पासपोर्ट के आवेदकों की संख्या अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) मलप्पुरम पीएसके में आवेदकों के लिए पासपोर्ट जारी करने में कोई देरी नहीं हुई है।

(ख) लागू नहीं।

(ग) मलप्पुरम पीएसके, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) कोझीकोड के तहत सबसे बड़ा पीएसके है और पूरे केरल राज्य में सबसे बड़े पासपोर्ट कार्यालयों में से एक है। मलप्पुरम पीएसके में तत्काल आवेदकों की संख्या आनुपातिक रूप से अधिक है। मलप्पुरम पीएसके में प्रतिदिन 100 तत्काल अपॉइंटमेंट जारी किए जाते हैं, जो आरपीओ कोझीकोड के तहत अन्य पीएसके में प्रतिदिन जारी तत्काल अपॉइंटमेंट से अधिक है (अन्य पीएसके में जारी तत्काल अपॉइंटमेंट प्रति दिन 50 से 70 तक होती हैं)। पिछले दो महीनों के दौरान मलप्पुरम सहित सभी पांच पीएसके में निपटान किए गए तत्काल आवेदनों का विवरण इस प्रकार है:

पीएसके का नाम	**पिछले 2 महीनों के दौरान निपटान किए गए तत्काल आवेदन**	
	जनवरी 2022	फरवरी 2022

मलप्पुरम	1333	1387
कोझिकोड	779	828
वडाकरा	406	453
कन्नूर	545	671
पय्यानुर	600	670
कुल	**3663**	**4009**

***